भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3200

दिनांक 18 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

.....

अपर भद्रा परियोजना हेतु केंद्रीय सहायता

3200. श्री ई. तुकारामः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में घोषित अपर भद्रा परियोजना हेतु केंद्रीय सहायता जारी की है, यदि हाँ, तो ट्रेंच-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या इस संबंध में कोई प्रशासनिक, वित्तीय या अंतर्मंत्रालयी स्वीकृतियाँ अभी भी लंबित हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) लंबित स्वीकृतियों के अनुमोदन की वर्तमान स्थिति क्या है तथा सरकार द्वारा घोषित केंद्रीय सहायता कब तक जारी कर दी जाएगी; और

(घ) क्या इस विलंब से परियोजना के क्रियान्वयन से संबंधित समय-सीमा प्रभावित हुई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में कौन-से सुधारात्मक उपाय किये जा रहे हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) से (ग): वर्ष 2018-19 के मूल्य स्तर पर 16,125.48 करोड़ रूपए के अनुमानित लागत से दिनांक 12.10.2022 को सार्वजनिक निवेश बोर्ड (पीआईबी) की बैठक में अपर भद्रा परियोजना का मूल्यांकन किया गया था। वर्तमान में, अपर भद्रा परियोजना की अद्यतन लागत (वर्ष 2024-25 के मूल्य स्तर पर) और लाभ-लागत अनुपात (बी.सी.) के साथ एक संशोधित प्रस्ताव जल शक्ति मंत्रालय के अधीन केंद्रीय जल आयोग को प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में, अपर भद्रा परियोजना भारत सरकार की किसी भी योजना में शामिल नहीं है, इसलिए, अब तक इस परियोजना के लिए कोई भी केंद्रीय सहायता जारी नहीं की गई है।

(घ): अपर भद्रा परियोजना का कार्यान्वयन कर्नाटक सरकार के उपक्रम अर्थात् विश्वेश्वरैया जल निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। अक्टूबर-2025 तक, इस परियोजना में दर्ज व्यय 11,051 करोड़ रूपये है। राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, भद्रा जलाशय से अजमपुरा सुरंग तक जल उठाने की परियोजना के चरण-I (लिफ्ट कार्य) का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि तुंगा नदी से भद्रा जलाशय तक जल उठाने का कार्य चल रहा है। राज्य के अनुसार, नहरों, फीडरों, टैंक भरने और ड्रिप सिंचाई घटकों से संबंधित चरण-II के कार्य कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

*****